अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

PAGE NO : 04 BOTTOM

# वूमन क्रिकेट : डीएलएस से जीती हल्द्वानी की टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग और एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में गुरुवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट का पांचवां और छठा लीग मैच हुआ। बारिश के चलते श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का पांचवां मैच सुबह कुछ देर से दिल्ली दबंग वुमन्स और हल्द्वानी क्वींस के बीच हुआ।

दिल्ली की कप्तान गरिमा बिष्ट ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हल्द्वानी की बेहतरीन गेंदबाजी के चलते दिल्ली की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 67 रन ही बना सकी। जवाब में हल्द्वानी क्वींस ने 7.4 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिए। इसी समय बारिश के चलते मैच रोकना पड़ा। अंत में मैच के परिणाम के लिए डीएलएस का सहारा लिया गया, जिसमें हल्द्वानी विजयी घोषित हुआ। हल्द्वानी की अंकिता शाह को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट का छठा और अंतिम लीग मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स के बीच हुआ। टॉस जीत कर एसआरएमएस की कप्तान मुस्कान खान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बारिश के चलते 16-16 ओवर के इस मैच में एसआरएमएस की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए। इसमें मुस्कान ने 28 रन, मनीषा कंवर ने 20 रन, और काजल भाटी ने 15 रन महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देहरादून की नीलम बिष्ट ने 13 रन देकर एसआरएमएस के 3 खिलाड़ियों को आउट किया। देहरादून स्ट्राइकर्स ने 15.5 ओवर में 85 रन बना कर 3 विकेट से एसआरएमएस की टीम को पराजित किया। देहरादून की नीलम बिष्ट मैन आफ द मैच रहीं। मैच में हृदेश कुमार और सौरभ कुमार अंपायर और अनुज शर्मा थर्ड अंपायर रहे। कुणाल ने स्कोरर और युसुफ अंसारी ने कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाली। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. ऋतु सिंह, डा. शैलेश सक्सेना, डा. नितिन शर्मा, कोच मनीष सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सुबह 9 बजे से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स के बीच खेला जाएगा।



मैच के दौरान गेंद पर शॉट लगाती खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- अंतिम लीग मैच में देहरादून से हारी एसआरएमएस की टीम फाइनल में फिर होगा सामना

## 50 और 100 मीटर दौड़ में सुमित प्रथम

**बरेली/भदपुरा, अमृत विचार :** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नकटी नारायणपुर स्थित मैदान में हुई। इसमें न्याय पंचायत के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। बालक वर्ग 50, 100 व 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय नौगमा भगवंतपुर के सुमित कुमार प्रथम रहे। बालिका वर्ग में 50 और 200 मीटर दौड़ में जरपा मोहनपुर की राजेश्वरी प्रथम रहीं।